एम.आर. मोरारका–जीडीसी रूरल रिसर्च फाउण्डेशन

स्टेशन रोड़, नवलगढ़, झुन्झुनू (राजस्थान)

ग्रामीण पर्यटन

नया इलाका नया गांव नया परिवार

ग्रामीण पर्यटन में मोरारका फाउण्डेशन के अथक प्रयास अब रंग लाने लगे हैं शेखावाटी समेत फाण्डेशन बीकानेर, जोधपुर, दौसा आदि जिलों में भी ग्रामीण पर्यटन को मूर्तरूप देने में गत् वर्ष सफल रहा है। पिछले साल आईबीएम कम्पनी द्वारा सुझाये गये रास्तों द्वारा फाउण्डेशन की टीम ने ग्रामीण पर्यटन का कायाकल्प करना प्रारम्भ किया। जिसके चलते परम्परागत पर्यटन में काम करने वाली ट्रेवल कम्पनीयां भी अपने पर्यटकों को ग्राम्य संस्कृति से रूबरू करवाने के लिये फाउण्डेशन से सम्पर्क करने लगी हैं। कॉनी नामक बहुचर्चित ट्रेवल एजेन्सी से फाउण्डेशन का करार हो चुका है सो अब नीदरलैण्ड से आने वाले पर्यटकों के कार्यक्रम में शेखावाटी के गांवो की खुशबु भी शामिल हो जायेगी। साथ ही नवलगढ़, मण्डावा आदि की हेरिटेज होटलों ने भी अपने यहां रूकने वाले पर्यटकों के डे लाइट कार्यक्रम में फाउण्डेशन के ग्रामीण पर्यटन को शामिल करना प्रारम्भ कर दिया है। यह वर्षों से देखे गये सपने की उड़ान है जो कि हमे रोमांचित किये हुये है। इस वर्ष हमने प्रसिद्ध तीर्थ लोहार्गल व शाकम्भरी के मार्ग पर **भाखरियों की ढ़ाणी तन बसावा गावं के जैविक किसान श्री बीरबल यादव** के फार्म को नई लोकेशन के रूप में प्रोत्साहित किया है जहां कि दो अलग–अलग दलों के रूप में फ्रांस के पर्यटक रूक चुके हैं हमारा उद्‌देश्य इस फार्म को भारत के मेट्रो शहरों से इन तीर्थों के भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों को ग्राम्य संस्कृति व देशी ऑर्गेनिक भोजन का आनन्द उठाने की सुविधा के रूप में विकसित करना है।

गत् वर्ष शेखावाटी में निम्नानुसार देशी–विदेशी पर्यटकों की आवाजाही फाउण्डेशन के प्रयासों से हुई–

क्र. सं.	गांव व किसान	ग्रुप की संख्या	पर्यटकों की संख्या	रूकने के कुल दिन	पर्यटकों की राष्ट्रीयता
1.	सिंहासन ठा. गिरवर सिंह	09	63	22	फ्रांस व बेल्जीयम
2.	कटराथल श्री दिग्विजय सिंह	14	71	28	फ्रांस, इटली, अमेरिका, जर्मनी व भारत
3.	लक्ष्मणा का बास श्री रामकुमार काजला	04	39	09	फ्रांस
4.	बिड़ौदी बड़ी श्री मनोज शर्मा	10	54	27	फ्रांस, जर्मनी, भारत व अमेरिका
5.	बीदासर श्री नेकीराम गोदारा	04	21	09	फ्रांस
6.	मीलों का बास श्री हरी राम मील	01	09	02	फ्रांस
7.	सीगड़ा ठा. मूल सिंह	13	71	31	फ्रांस, बेल्जीयम, स्पेन व फिनलैण्ड
8.	बसावा श्री बीरबल यादव	02	19	04	फ्रांस

कार्यक्रम समन्वयक
मोरारका फाउण्ड़ेशन